## बालाघाट ने बैतूल और छिंदवाड़ा ने बुरहानपुर को दी शिकस्त

### आज होगा मंडला, सिवनी, जबलपुर और रायसेन का मुकाबला



**मण्डला, देशबन्धु।** सोमवार को महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में खेली जा रही दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत दो मैच खेले गए। पहला मैच बालाघाट व बैतूल के बीच खेला गया जबकि दूसरा मैच बुरहानपुर और छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। बालाघाट ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बैतूल को 3६0 से मात दी। बालाघाट की तरफ से तीनों गोल मैच के पहले हॉफ में ही आए। मोहम्मद शादाब ने खेल 6वें मिनिट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। खेल के 18वें मिनिट में कुणाल केरई ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल किया। मैच के 32वें मिनिट में फिर मोहम्मद शादाब ने गोल कर बालाघाट को 3६0 की निर्णायक बढ़त दिला दी जो खेल की समाप्ति तक कायम रही।

दूसरा मैच छिंदवाड़ा और बुरहानपुर के बीच खेला गया। इस मैच में छिंदवाड़ा ने बुरहानपुर को 1 के मुकाबले 3 गोल से हरा दिया। छिंदवाड़ा की तरफ से धनंजय, मिहिर दुबे और प्रिंस साहू ने गोल किया। बुरहानपुर की तरफ से एक मात्र गोल नैतिक ने किया। 17 जून 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 2रू30 पर मेजबान मंडला का मुकाबला सिवनी से होगा। दूसरा मुकाबला शाम 4रू00 जबलपुर और रायसेन के मध्य खेला जाएगा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, भाजपा नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, हॉकी मंडला के सचिव सैयद कमर अली, जिला फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, स्वामी शारदात्मानंद, चंद्रेश खरे, मतीन खान, सुरेंद्र मिश्रा, राजेंद्र कुमार सिंगौर श्पंचूश् सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में पंकज उसराठे, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, बासु सिंधिया, प्रथम चैकसे, कुशल भवेदी सहित विभिन्न खेल प्रेमी उल्लेखीनय भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

## टीएल प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण : जिपं सीईओ

### जिला योजना भवन में विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**मडला, देशबन्धु।** जिला योजना भवन में समय-सीमा तथा विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने टीएल प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग प्रमुख टीएल प्रकरणों को गंभीरता से लें, स्वयं फॉलोअप करते हुए समय सीमा में टीएल प्रकरणों का निराकरण कराएं। उन्होंने जनभागीदारी, भवनविहीन आंगनवाड़ी, बीपीएल सूची, जल भूमि पर अतिक्रमण जैसे विषयों की चर्चा करते हुए कहा कि इनसे संबंधित टीएल प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत कराएं।

उच्च न्यायालय के अवमानना के प्रकरण के संबंध में समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि समस्त संबंधित जिला अधिकारी प्रत्येक अवमानना प्रकरण के कम्पलाईस कराते हुए कोर्ट में प्रतिवेदन जमा करें। प्रतिवेदन पावती की एक कॉपी जिला शाखा में जमा कराना सुनिश्चित करें। रिट पिटिशन के प्रकरणों में समय पर समुचित जवाब माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करें। संबंधित जवाब की एक प्रति जिला शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराएं।

सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि जिला की ग्रेडिंग जारी होने में बहुत कम समय बचा है इसलिए सभी विभाग प्रमुख प्राथमिकता से मई माह की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। 50 दिवस से अधिक समय से लम्बित शिकायतों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इससे विभागों की रैंकिंग पर विपरीत असर पड़ता है इसलिए इन शिकायतों को गंभीरता से लें। समग्र ईकेवाईसी के संबंध में उन्होंने कहा कि इस सप्ताह भी पिछले सप्ताहों की तरह ही कैम्प लगाकर समग्र ईकेवाईसी का कार्य कराएं। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड के इंडीकेटर्स के संबंध में कहा कि सभी इंटीकेटर्स को ध्यान से पढ़ें और अपने बेसिस प्वाईंट बढ़ाकर स्कोर बेहतर करें। बैठक में ई-ऑफिस, ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूल खुलने, अमानक खाद-बीज के विक्रय पर कार्यवाही, जल गंगा संवर्धन अभियान, सीडबाल पौधारोपण, ब्लड डोनेशन कैम्प सहित अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



**मण्डला,देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं हम सभी के प्रिय नेता राहुल गांधी जी की मंशानुरूप, संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 12 जून से 16 जून तक जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें जिस उत्साह और समर्पण से सहभागिता निभाई, उसके लिए वे सभी साधुवाद के पात्र हैं। आप सभी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक, श्रीमती चारूलता टोकस जी तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक निलय डागा जी (पूर्व विधायक,बैतूल), श्रीमती किरण अहिरवार जी(जिला संगठन प्रभारी), समीर खान जी (सह संगठन प्रभारी) के समक्ष उपस्थित होकर, जिले में कांग्रेस संगठन की यथार्थ स्थिति से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराने में जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वह अत्यंत सराहनीय है।

हमारे पर्यवेक्षकों ने भी अनेक बैठकों में जिले के संगठनात्मक ढांचे की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी, मंडला आप सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है। 'साथ ही, यह विनम्र निवेदन भी है कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया में हम सभी को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णय का सम्मान करते हुए, एकजुटता और अनुशासन का परिचय देते हुए संगठन की मजबूती के लिए जुटे रहना है।

### धरती आबा अंतर्गत 30 जून तक लगाए जाएंगे शिविर



**मंडला, देशबन्धु।** धरती आबा योजना अंतर्गत जनजातीय समुदाय को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सभी विकासखंडों में 15 से 30 जून 2025 तक विशेष सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला योजना भवन में इस संबंध में संबंधित जिला अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि संबंधित शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। आवश्यकतानुसार शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल करें। सेचुरेशन मोड पर हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाएं, इसके लिए धरती आबा अंतर्गत जिले के 716 गाँव चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में आधार से संबंधित कार्य शेष हैं, वहाँ आधार के कैम्प भी साथ-साथ लगाएं। संबंधित जनजातीय समुदाय के परिवारों के जनधन खाते भी खुलवाएं। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सभी जनपद पंचायतों से शिविरों के लिए कैलेंडर जारी किया जा चुका है, इसके लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। प्रत्येक शिविर की निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट भी प्रेषित की जानी है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, सहायक संचालक आदिवासी विकास श्री रंजीत गुप्ता सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने वाले राहवीर को मिलेंगे 25 हजार रुपए

**दमोह, देशबन्धु।** यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को ने बताया राहवीर योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गंभीर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने वाले राहवीर को 25000 रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में गठित अप्रेजल कमेटी के माध्यम से यह कार्यवाही की जाएगी। योजना से सड़क दुर्घटनाओं से गंभीर घायल व्यक्ति का तुरंत उपचार संभव हो सकेगा। ऐसे राहवीर जो सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल व्यक्ति को तुरंत मदद पहुंचाएंगे उनमें से 10 लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे जिनमें से चयनित राहवीर को 01 लाख रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया गुड सेमेरिटन स्कीम के स्थान पर राहवीर योजना लाई गई हैं, यह योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगी। योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से गुड सेमेरिटन योजना लागू की गई थी ताकि सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल में ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सके।



## आठ साल के बच्चे को रक्त देकर पुलिस जवान ने बचाई जान

**मंडला, देशबन्धु।** मधुप्रसाद यादव जी निवासी सीताराम वार्ड मंडला जिनके पैर का ऑपरेशन होना है उन्हें ए प्लस ब्लड की अत्यंत जरूरत लगभग तीन यूनिट थी जिनकी पत्नी लगभग तीन-चार दिनों से परेशान हो रही थी हमारे समाजसेवी भाई ने कल 15 तारीख को एक यूनिट ब्लड डोनेट किया, आज हमारे यातायात में पदस्थ पुलिस के जवान ज्ञान सिंह मरावी जी ने 1 यूनिट ब्लड, सय्यद जावेद अली जी ने 1 यूनिट ब्लूड डोनेट किया स जिसके लिए उनकी पत्नी रेवती बाई यादव जी ने ब्लड बैंक में उपस्थित होकर उन्हें सादर धन्यवाद दिया

हम सभी ब्लड बैंक के बाहर निकल ही रहे थे कि बाहर एक मातृशक्ति जो कि अपने 8 साल के बच्चे के लिए ए प्लस ब्लड के लिए 2 दिन से भटक रही थी हमारे साथ पुलिस के जवान ज्ञान चंद्र मरावी जी जो अंदर से ब्लड डोनेट करके निकल ही रहे थे उन्होंने जैसे ही देखा उन्होंने अपने बच्चे को कॉल किया जिनका ब्लड ग्रुप । पॉजिटिव था उनके बच्चे शनि मरावी जी ने तुरंत ब्लड डोनेट करने के लिए हामी भरी और उन्होंने निवास तहसील के खमरिया के रहने वाले बच्चे धर्म सिंह मार्को को ब्लड डोनेट किया।

## पीएचई का प्रचार रथ गांव-गांव जाकर कर रहा लोगों को जागरूक



**मेंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला द्वारा लगातार जिले के ग्रामीण अंचलों में स्थापित हैडपंप, कुआं, ट्यूब वेल, पानी टंकी आदि में पीएचई टीम द्वारा सभी पेयजल स्त्रोतों में जर्मेक्स, ब्लीचिंग पाउडर के माध्यम से पानी को शुद्ध किया जा रहा है।

प्रचार रथ के माध्यम से समुदाय को जागरूक किया जा रहा है जिसमें दूषित जल से कई बीमारियाँ हो सकती हैं, जैसे हैजा, दस्त, पेचिश, हेपेटाइटिस ए, टाइफाइड और पोलियो जैसी बीमारियाँ शामिल हैं, ये बीमारियाँ पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस और परजीवियों के कारण होती हैं, जो दूषित पानी के सेवन या दूषित पानी के संपर्क में आने से फैलती हैं। इसके बचाव एवं रोकथाम के लिए हमेशा उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं, सब्जियों और फलों को अच्छी तरह से धोकर खाएं, खुले में शौच न करें, शौच के बाद और खाना बनाने से पहले अपने हाथ अच्छी तरह धोएं, पानी के स्त्रोतों को साफ रखें, नियमित रूप से पानी की जांच करें, लोगों को साफ पानी के उपयोग हेतु समझाइश देवें, पाइपलाइन, चैंबर, घरेलू नल कनेक्शन का निरीक्षण कर मरम्मत करने आदि जानकारी दी जा रही है। सोमवार को इन ग्रामों में पहुँची पीएचई की क्लोरीनेशन टीम सोमवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का दल अतरिया, सलैया, रमतिला, घोंटा, छपरतला, चलनी, उरवाही, धनवाही, मैली, पथरी, बरबटी, मझगांव, भावल, भंवरदा, नांदिया, डुंगरिया, बेहंगा, मलारी चक, कोटा सांगवा, कातलबोड़ी, सांगवा, मलारा, टिकरवारा, सालीवाड़ा, बनियातारा, रयगाँव, छतरवाड़ा, पोड़ी, पिंडरई, चिल्पी, अहमदपुर, हाथीतारा माल, हाथीतारा रैयत, तौरी, भलवारा, भटगांव, मेहरासिवनी, कटंगसिवनी पहुँचा। संबंधित ग्रामों के पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन किया गया।

## आर्या शुक्ला को किया सम्मानित

**मंडला, देशबन्धु।** तमिलनाडु में आयोजित 25वीं सब-जूनियर नेशनल वुशू चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रोंज मेडल जीतकर न केवल मंडला, बल्कि मध्यप्रदेश का भी नाम रौशन करने वाली मंडला नगर की बेटी आर्या शुक्ला की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। सोमवार को महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में खेली जा रही दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के दौरान सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, भाजपा नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, हॉकी मंडला के सचिव सैयद कमर अली व स्वामी शारदात्मानंद द्वारा शॉल और श्रीफल भेंट कर आर्या को सम्मानित किया गया। बता दे कि आर्य वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश शुक्ल की पोती व अधिवक्ता सोमेश शुक्ला की बेटी है।



## दुष्कर्मी को दस साल की सजा



**डिंडोरी, देशबन्धु।** मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि थाना डिंडोरी के अपराध क्रमांक 575/2024 सत्र प्रकरण क्रमांक 78/2024 के आरोपी प्रदीप कुमार अहिरवार पिता पंछीराम उम्र 48 वर्ष निवासी कुकर्रामठ थाना डिंडोरी जिला डिंडोरी को महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय जिला सत्र न्यायाधीश डिंडोरी द्वारा आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 376(2)(च) भादवि के अपराध के लिए दस वर्ष कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपए का अर्थदण्ड, धारा 342 भादवि के अपराध के लिए छह माह कठोर कारावास से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर पृथक से छह माह कठोर कारावास भुगताये जाने के आदेश पारित किये गये ।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि, मैं ग्राम कुकर्रामठ में रहती हूं । मेरे पति की मृत्यु करीब 10, 12 साल पहले हो चुकी है। मेरे कोई बच्चे नहीं है। मैं अकेले रहकर मजदूरी कर जीवन व्यापन करती हूं। मेरे घर के सामने मेरे जेठ का लडका प्रदीप अहिरवार का घर है। बीच मे कच्चा रास्ता है। दिनांक 29 जून 2024 को दिन करीब 02 बजे मैं अपने घर में बैठी थी। उसी समय मेरे जेठ का लड़का प्रदीप अहिरवार मेरे घर आया और मुझे जबरदस्ती पकडकर कच्चे रास्ते से अपने घर ले गया और कमरे के अंदर ले जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। प्रदीप के घर पर उस समय कोई नहीं था। तब प्रदीप अहिरवार ने जबरदस्ती मेरे कपडे उतार दिया और अपना भी कपडा उतार दिया एवं जबरदस्ती मेरे सांथ बलात्कार किया तब मैं चिल्ला रही थी परंतु कोई नहीं आया।

बलात्कार करने के बाद प्रदीप मुझे छोड़ दिया। फिर मैं अपने कपडे पहनकर घर से निकलकर भागी। फरियादिया की रिपोर्ट पर अपराध धारा 376,342 ताहि का कायम कर विवेचना में लिया गया।

## विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग

**हटा, देशबन्धु।** दमोह पन्ना मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर पर लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में दोपहर के समय अचानक आग लग जाने का घटनाक्रम सामने आया जिसमें आसपास के लोगों ने विद्युत विभाग को सूचना दी एवं आग को बुझाने प्रयास किया। दोपहर में लगी आग के कारण कुछ समय के लिए विद्युत अवरुद्ध की गई जिससे लोग परेशान नजर आए। विद्युत उपभोक्ताओं का कहना है कि एक ओर लगातार मेंटिनेंस के नाम पर बिजली कटौती होती है लेकिन जैसे ही गर्मी शुरू होती है बार-बार विद्युत अवरोध उत्पन्न होता है और लोग परेशान होते हैं।



## दो बाइकें भिड़ीं, आरक्षक की मौत

### एक गंभीर घायल जबलपुर रेफर

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के तेंदूखेड़ा थाने में पदस्थ पुलिस आरक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घायल को सिर में गंभीर चोट आई थी। दो बाइकों की टक्कर में यह हादसा हुआ। वहीं दूसरे बाइक सवार की हालत गंभीर है। उसका जबलपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

घटना तेंदूखेड़ा मुख्यालय से लगभग सात किमी दूर जबलपुर मार्ग पर 27 मील के समीप हुई। जब रविवार की शाम सात बजे दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में पदस्थ आरक्षक 38 वर्षीय भूपेंद्र पिता मुकुंद सिंह लोधी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा दूसरी बाइक का चालक पुरुषोत्तम बर्मन सकरा निवासी पाटन भी घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शी अरंहत सिंघई ने बताया कि हम लोग माता जी का विहार कराने जा रहे थे। उसी समय सामने यह दोनों बाइक सवार आपस में टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। तुरंत ही सड़क मार्ग से निकल रहे बाइक सवार एवं कार सवार को रोककर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद आरक्षक भूपेंद्र एवं दूसरे घायल को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।



जबलपुर पहुंचने से पहले आरक्षक भूपेंद्र सिंह की रास्ते में मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर, थाना प्रभारी नीतेश जैन अस्पताल पहुंचे और मामला जांच में लिया गया। आरक्षक सरकारी काम से गया हुआ था और वापसी के दौरान यह हादसा हो गया। हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को भी दे दी गई है और वह अस्पताल पहुंच गए हैं। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है दोनों बाइक सवार काफी तेज गति में थे यदि उन्होंने हेलमेट पहना होता तो शायद आरक्षक की जान बच जाती और दूसरे घायल को भी गंभीर चोट नहीं आ पाती। रात में एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी भी तेंदूखेड़ा थाने पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

## 21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**दमोह, देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है इस बार 21 जून को बहुत भव्य तरीके से योग दिवस मनाने का कार्यक्रम है। इस संपूर्ण आयोजन का नाम योग संगम है और इस बार कार्यक्रम को गुरुनानक स्कूल जबलपुर नाका के कैंपस में आयोजित किया जा रहा हैं, इस समय बारिश का दौर रहने की संभावना हैं।

इसीलिए पिछली बार के अनुभव को देखते हुए गुरुनानक स्कूल का चयन किया गया हैं। वहां पर बहुत बड़ा शेड हैं और काफी बड़ा कैंपस है। स्कूल ने नि:शुल्क आयोजन के लिए सहर्ष सहमति दी है। इस बार का आयोजन 21 जून को सुबह 6 बजे से 7:45 तक होगा। कलेक्टर कोचर ने दमोह के नागरिकों से अनुरोध किया है कि इस योग कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। इस बार की थीम है एक धरती और एक स्वास्थ्य के लिए योग। इस थीम को लेकर एक आयोजन होगा।

**त्रुटि सुधार इश्तहार**

SHAFIQU KHAN पिता HUSAIN KHAN निवासी WARD NO. 19 JAWAHAR WARD KANHA TIGER RESERV NEAR NEHRU SMARAK MANDLA (M.P.) 481661 कथन करता हूँ कि मेरे शैक्षणिक अभिलेखो मे मेरे नाम की स्पेलिंग SAFIQUE KHAN पिता HUSHAN KHAN लिखा है जिसे मैंने त्रुटिसुधार उपरान्त SHAFIQU KHAN पिता HUSAIN KHAN कर लिया है। वर्तमान में मेरे आधार कार्ड पेन कार्ड व अन्य अभिलेखों में भी यही लिखा है। अत: मुझे SHAIFIQU KHAN पिता HUSAIN KHAN नाम से जाना व लिखा जावे। पुराना नाम - SAFIQUE KHAN पिता HUSHAN KHAN त्रुटि सुधार नाम SHAFIQU KHAN पिता HUSAIN KHAN है।